हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



## खबर संक्षेप

### पिकनिक की खुशी मातम में बदली, युवक की मौत

**राउरकेला।** क्योंझर जिले के जोड़ा क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जोड़ा के वार्ड नंबर 6, बच्छू हॉटिंग निवासी 25 वर्षीय युवक मिहिर कुमार दास अपने कुछ सहकर्मियों और दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए लोहंडा इलाके में स्थित एक फार्म हाउस गया था। यह घटना 2 फरवरी की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। पिकनिक के दौरान किसी बात को लेकर वहां मौजूद दोस्तों और सहकर्मियों के बीच झगड़ा हो गया। बताया जाता है कि झगड़ा इतना बढ़ गया कि मिहिर पर कई लोगों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में मिहिर ने अपने बड़े भाई को फोन कर कहा लोहंडा जल्दी आओ, मुझे बचाओ, नहीं तो ये लोग मुझे मार डालेंगे। इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। घबराए हुए बड़े भाई ने तुरंत जोड़ा पुलिस को सूचना दी और पुलिस के साथ घटनास्थल की ओर रवाना हुआ। जब वे वहां पहुंचे तो मिहिर की हालत बेहद गंभीर थी और बाद में उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### 27 दुकानों पर कार्रवाई 22 हजार जुर्माना

**राजगांगपुर।** राजगांगपुर पुलिस ने ड्रग इंस्पेक्टर एवं जिला सलाहकार–एनटीसीपी के साथ मिलकर एक संयुक्त प्रवर्तन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कुल 27 दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए कुल 21,800 का जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान एक प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 292 तथा सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम , 2003 की धारा 24 के अंतर्गत अभियोजन रिपोर्ट दर्ज कर प्रस्तुत की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि तंबाकू एवं अन्य प्रतिबंधित उत्पादों की अवैध बिक्री पर सख्ती जारी रहेगी और आगे भी इस तरह के संयुक्त अभियान चलाए जाते रहेंगे, ताकि कानून का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

### रघुनाथपाली टिपर्स ओनर्स एसोसिएशन का गठन

**राउरकेला।** शहर के परिवहन क्षेत्र में एक और नए संगठन का उदय हुआ है। रघुनाथपाली टिपर्स ओनर्स एसोसिएशन के गठन के साथ ही क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। देवगांव फेटकॉल पेट्रोल पंप के समीप एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन स्थानीय विधायक दुर्गा तांती के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर नव गठित रघुनाथपाली टिपर्स ओनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई। समिति में अशोक कुमार पटनायक को अध्यक्ष, अबनी रंजन सारंगी को महासचिव, निरंजन मिश्रा को सलाहकार, देबा प्रसाद मिश्रा को उपाध्यक्षए ब्रज किशोर सामल को कोषाध्यक्ष, अजीत छोटराय को संयुक्त सचिव तथा सोम्य रंजन नायक को संयुक्त सचिव बनाया गया है।

### रामनवमी के लिए पुलिस प्रशासन की तैयारी शुरू हुई बैठक

**राउरकेला।** आगामी रामनवमी पर्व 2026 के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर राउरकेला जिला पुलिस कार्यालय डीपीओ में एक तैयारी सह शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राउरकेला के पुलिस अधीक्षक नितेश वढवानी ने की। इसमें शहर के विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्य, शांति समिति, इंटीग्रेशन फोरम राउरकेला के प्रतिनिधि, वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, पारंपरिक जुलूसों के शांतिपूर्ण व अनुशासित संचालन, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपसी समन्वय तथा सामाजिक व सांप्रदायिक सौहार्द सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी आयोजकों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करनें कहा है। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, निगरानी व्यवस्था और जुलूस मार्गों की पूर्व योजना पर भी विचार किया गया।

### ग्रुप कैप्टन शुभ्रांशु शुक्ला से रूबरू हुए जिले के 10 हजार विद्यार्थी

# अंतरिक्ष विज्ञान में अपार संभावनाएं, जशपुर के बच्चे भी आगे आएंः शुक्ला



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विज्ञान, नवाचार और राष्ट्र गौरव की अद्भुत छवि उस समय सजीव हो उठी जब भारत के अंतरिक्ष गौरव, भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन एवं गगनयात्री शुभ्रांशु शुक्ला का बुधवार को जशपुर आगमन हुआ। उनके सम्मान में रणजीता स्टेडियम, जशपुर में 'इंडिया इन स्पेस'थीम पर अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के लगभग 10 हजार विद्यार्थियों ने सहभागिता कर इतिहास के साक्षी बने। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों में विज्ञान, तकनीक तथा अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति जिज्ञासा जागृत करना था। इस अवसर पर शुभ्रांशु शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में अपने 18 दिवसीय अंतरिक्ष प्रवास के अनुभवों को अत्यंत रोचक, सरल और प्रेरक अंदाज में साझा किया, जिसे बच्चों ने जिज्ञासु मन से गंभीरता और उत्साह के साथ सुना।

- अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम में जशपुर ने देखा अंतरिक्ष विज्ञान का महासंगम
- जय जोहार से शुरू हुआ संवाद, जशपुर के बच्चों की सराहना की

अपने संबोधन की शुरुआत "जय जोहार"से करते हुए शुभ्रांशु शुक्ला ने कहा कि उन्होंने देश के अनेक हिस्सों में अंतरिक्ष से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लिया है, लेकिन जशपुर में बच्चों का उत्साह और संख्या सबसे अधिक रही। यह दृश्य यह साबित करता है कि यहां के बच्चे विज्ञान और अंतरिक्ष को लेकर बेहद जागरूक और जिज्ञासु हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान में अपार संभावनाएं है। जशपुर के बच्चों में खूब जिज्ञासा और उत्साह है। यहां के बच्चे भी अंतरिक्ष के क्षेत्र में पढ़ाई और शोध के लिए आगे आये। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि जीवन में कभी रुकना नहीं चाहिए, निरंतर मेहनत करते रहना चाहिए और छोटी असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने बताया कि बचपन में उनके मन में अंतरिक्ष यात्री बनने का विचार नहीं था, क्योंकि उस समय जागरूकता और संसाधन सीमित थे। अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा से प्रेरणा लेकर उन्होंने पहले फाइटर पायलट बनने का लक्ष्य चुना और निरंतर परिश्रम से आगे बढ़ते हुए अंतरिक्ष यात्रा तक का सफर तय किया।

### बच्चों से किया रोचक संवाद

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष यात्री बनने की उनकी यात्रा से जुड़े कई प्रश्न पूछे। कक्षा 9वीं की छात्रा अनिशा भगत द्वारा अंतरिक्ष में जाने के संघर्षों पर पूछे गए सवाल के जवाब में श्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अनुशासन और निरंतर कड़ी मेहनत से व्यक्ति अपने किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कक्षा 11वीं की छात्रा दीक्षा दास ने उनसे उनकी प्रेरणा के बारे में प्रश्न किया, जिस पर उन्होंने बताया कि भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा से उन्हें प्रेरणा मिली। कक्षा 12वीं की छात्रा सुष्मिता के प्रश्न अंतरिक्ष में जाकर सबसे अधिक आश्चर्यजनक अनुभव क्या रहा के उत्तर में उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में सोने सहित सभी गतिविधियाँ गुरुत्वाकर्षण के विपरीत होती हैं, जो एक ओर कठिनाई पैदा करती हैं तो दूसरी ओर बेहद आश्चर्यजनक भी होती हैं। छात्र करण चौहान द्वारा अंतरिक्ष में दैनिक दिनचर्या के संबंध में पूछे गए सवाल पर उन्होंने बताया कि सुबह उठने से लेकर सोने तक की पूरी दिनचर्या वैज्ञानिक पद्धति और तय कार्यक्रम के अनुसार होती है। कक्षा 11वीं के छात्र अनुज कुमार ने सीमित संसाधनों में तैयारी को लेकर प्रश्न किया, जिस पर श्री शुक्ला ने कहा कि आत्मविश्वास और मेहनत से सफलता निश्चित है। आज के समय में मोबाइल ज्ञान का खजाना है, इसका सही उपयोग कर छोटी-छोटी चीजों से भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। वहीं कक्षा 11वीं की छात्रा निवेदिता साहू के अंतरिक्ष में शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव संबंधी प्रश्न पर उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में कई तरह की शारीरिक चुनौतियाँ सामने आती हैं, लेकिन कड़ी ट्रेनिंग से उनका सामना किया जाता है। वहां हाइट बढ़ने लगती है, सिर भारी महसूस होता है, पर धीरे-धीरे शरीर इन परिस्थितियों के अनुरूप ढलना सीख जाता है।

### अंतरिक्ष की झलकः प्रदर्शनी से वीडियो तक

रणजीता स्टेडियम में चंद्रयान, मिशन मंगल, गगनयान सहित ब्रह्मांड और अंतरिक्ष विज्ञान पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन स्वयं शुभांशु शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के दौरान उनके अंतरिक्ष सफर पर आधारित वीडियो एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किए गए, जिन्हें देखकर पूरा स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। इस अवसर पर सौरभ सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'द मैजिक ऑफ द नाइट स्काई'का विमोचन भी किया गया। साथ ही अंतरिक्ष क्विज, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### अंतरिक्ष जीवन की सच्चाई

अंतरिक्ष के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वहां भी जीवन पूरी तरह अनुशासन और समय-सारणी से बंधा होता है। सुबह से लेकर रात तक हर गतिविधि निर्धारित होती है और अधिकांश समय वैज्ञानिक प्रयोगों में व्यतीत होता है। कठिन परिस्थितियों से निपटने के लिए कठोर प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे डर की जगह आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज के समय में मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से ज्ञान के असीम संसाधन उपलब्ध हैं। ऐसे में समय व्यर्थ न करें, अपने लक्ष्य को पहचानें और जिस भी क्षेत्र को चुनें, उसमें पूरी निष्ठा से कार्य करें।

**अशोक चक्र से सम्मानित अंतरिक्ष गौरवः** उल्लेखनीय है कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को ए-एक्स-4 मिशन के दौरान असाधारण साहस और योगदान के लिए 77वें गणतंत्र दिवस पर अशोक चक्र से सम्मानित किया गया। उनका यह संवाद जशपुर के विद्यार्थियों के लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सपनों को पंख देने वाला ऐतिहासिक क्षण बन गया, जिसने 'इंडिया इन स्पेस' के संदेश को जमीनी स्तर तक सशक्त रूप से पहुंचाया।

**इनकी उपस्थिति में हुआ कार्यक्रमः** कार्यक्रम में विधायक जशपुर रायमुनी भगत, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड शंभूनाथ चक्रवर्ती, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, उपाध्यक्ष जिला पंचायत यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी लाल उमेद सिंह, डीएफओ शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक तथा हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### घोलेंग में ग्राउंड स्टेशन का किया शुभारंभ




एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घोलेंग में अशोक चक्र से सम्मानित अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने विद्यालय परिसर में स्थापित ग्राउंड स्टेशन का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में उत्साह और जिज्ञासा का विशेष वातावरण देखने को मिला। इस ग्राउंड स्टेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की कार्यप्रणाली का वास्तविक एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। बच्चे यहां से सैटेलाइट की गतिविधियों को समझेंगे, डेटा कलेक्शन, उसका विश्लेषण और उपयोग करना सीखेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, विद्यालय के प्रिंसिपल दुर्गेश पाठक सहित विधायक के शिक्षक गण और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### देखा ग्रामीण पर्यटन का जीवंत स्वरूप



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला जशपुर प्रवास के दौरान जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल देश देखा के समीप स्थित केरेगांव पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत विकसित होम-स्टे का भ्रमण किया। इस दौरान वे स्थानीय आदिवासी संस्कृति, जनजीवन और पारंपरिक आतिथ्य परंपरा से रूबरू हुए। होम-स्टे प्रवास के दौरान ग्रुप कैप्टन श्री शुक्ला ने देशदेखा समूह की महिलाओं द्वारा पारंपरिक विधि से तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद चखा। परंपरागत स्वाद और आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रवास में यह समय मेरे लिए सबसे यादगार रहा। उन्होंने ग्रामीण परिवेश में विकसित होम-स्टे की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय महिलाओं और ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## टस्कर फसलों को नष्ट कर रहे हाथी, ग्रामीणों में दहशत



**बोनाई।** बोनाई ब्लॉक के कई इलाकों में ग्रामीण जंगली हाथियों के बढ़ते आतंक से परेशान हैं क्योंकि बार बार टस्करों के हमलों ने लोगों को व्यथित कर दिया है और उनकी आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।हाथी बार बार खेतों में घुसकर खड़ी फसलों को नष्ट कर रहे हैं। कभी कभी ये जानवर गांवों में भी घुस आते हैं जहां वे रसोई के बागों को नुकसान पहुंचाते हैं और सब्जियां खा जाते हैं। स्थानीय लोग कहते हैं कि नुकसान सिर्फ खाए गए हिस्से तक सीमित नहीं है ज्यादातर फसलें हाथियों के रौंदने से बर्बाद हो जाती हैं। पहले हाथियों की आवाजाही ज्यादातर रात के समय तक सीमित रहती थी, लेकिन अब ये जानवर दिन के समय भी मानव बस्तियों में घुस रहे हैं, जिससे स्थिति और अधिक चिंताजनक हो गई है। एक चिंतित ग्रामीण ने कहा हाथियों के लिए अब दिन और रात में कोई फर्क नहीं रह गया है।

### टीम आरएसपी ने सेल बैडमिंटन चैंपियनशिप में परचम लहराया

**राउरकेला।** राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी की पुरुष एवं महिला बैडमिंटन टीमों ने 28 से 31 जनवरी 2026 तक दुर्गापुर इस्पात संयंत्र आईएसपी द्वारा आयोजित सेल बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया। महिला टीम ने खिताब बरकरार रखते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की, जबकि पुरुष टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला टीम में महाप्रबंधक विद्युत वितरण शांति कुमारी, प्रबंधक न्यू प्लेट मिल सुश्री निवेदिता बेहरा, वरिष्ठ प्रबंधक हॉट स्ट्रिप मिल-2 सुश्री रीता मुर्मू तथा एमटी-टी पीपी एवं सी सुश्री के श्रावणी शामिल थीं। फाइनल में आरएसपी टीम ने बोकारो की टीम को पराजित किया। पुरुष टीम में अपर महाप्रबंधक न्यू प्लेट मिल आर नवीन, सहायक महाप्रबंधक सीओ एवं सीसी पीएनएम वाई स्वामी, ईए टीएंड आरएम) मोहम्मद एम राशिद और कनिष्ठ अभियांत्रिकी सहायक बीएफ टी के स्वाईं शामिल थे। पुरुष टीम ने भिलाई इस्पात संयंत्र को हराकर कांस्य पदक हासिल किया।

## पीएमश्री सेजेस आत्मानंद स्कूल में मना वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव




पीएम श्री सेजेस आत्मानंद स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत और शैक्षणिक उपलब्धियों का सुंदर संगम देखने को मिला। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा महामंत्री मनीष अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिंह, उपाध्यक्ष अजय बंसल, शाला विकास समिति अध्यक्ष संजय लोहिया, मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल सहित जीतू,सुरेश,संतोषी भारद्वाज, ममता यादव, उर्मिला, शीला ,भुनेश्वरी तथा अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में अभिभावक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने मंच पर महाभारत महाकाव्य की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा "स्कूल चले हम" थीम पर प्रस्तुति, मनमोहक छत्तीसगढ़िया नृत्य, प्रेरक कविताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को खास बना दिया। बच्चों की प्रस्तुति में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क स्पष्ट रूप से झलका, जिसे उपस्थित जनसमूह ने भरपूर सराहना दी।

मंच से संबोधित करते हुए अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा की और ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए अभिभावकों से बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन नीलांबर यादव एवं अलीशा ए. कुमार ने किया। अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल तनु ठाकुर ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि पीएम श्री सेजेस आत्मानंद स्कूल शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति के संवर्धन के लिए सतत प्रयासरत है।

## विधायक साय के प्रयास से सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति



**पत्थलगांव।** जिले का अंतिम छोर पर बसा पत्थलगांव सिविल अस्पताल में लगातार डॉक्टरों की कमी को लेकर नागरिकों द्वारा छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय एवं विधायक, सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष से डॉक्टरों की मांग की जा रही थी।

लोगों की मांग को देखते हुए विधायक गोमती साय सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पूर्ति के लिए लगातार प्रयासरत थी इसके बाद पत्थलगांव सिविल अस्पताल में गायनोलॉजिस्ट पारुल रेलवानी की पद स्थापना की गई है। पारुल रेलवानी इसके पूर्व रायपुर मेकाहारा अस्पताल में पदस्थ थीं। वहीं पारुल रेलवानी के पत्थलगांव सिविल अस्पताल में पदस्थ होने से महिलाओं के प्रसव से संबंधित समस्याओं के लिए अब यहां के लोगों को कहीं दूर जाने की आवश्यकता महसूस नहीं होगी। डॉक्टर पारुल रेलवानी ने कहा कि अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर को भी जल्द ही सुधार कर ऑपरेशन भी किए जाएंगे वहीं पत्थलगांव में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की भी पदस्थापना की गई है एनेस्थीसिया विशेषज्ञ पूर्वशाधिकारी ने अपनी सेवाएं देने के लिए पदभार ग्रहण किया। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की स्थापना हो जाने से अब ऑपरेशन संबंधी कार्य सुचारू रूप से अस्पताल में होंगे। अस्पताल में में अभी भी हड्डी रोग विशेषज्ञ, फिजियोथैरेपिस्ट सहित कई डॉक्टरों की कमी बनी हुई है जिसके लिए भी नागरिकों द्वारा जल्द पूरा करने के लिए पत्थलगांव विधायक से मांग की है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा के लिए भटकना न पड़े।

### नाबालिक से दुष्कर्म, आरोपी साथी के साथ भेजा गया जेल

**जशपुरनगर।** बगीचा थाना क्षेत्र एक ग्राम की 16 वर्षीय नाबालिक पीड़िता ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 जनवरी से वह थाना बगीचा क्षेत्र के ही ग्राम में अपने मामा के घर आई हुई थी। उसी दौरान 2 फरवरी को वह अपने भाई के साथ, मामा के गांव के, एक पड़ोसी गांव में करमा नाचने गई हुई थी। इसी दौरान रात्रि तकरीबन 11 बजे के आसपास, आरोपी सुरेश यादव उम्र 26 वर्ष, का पीड़िता के पास फोन आया, व पीड़िता से मिलना चाहता था।

### साय करेंगे मयाली-बगीचा विकास परियोजना का भूमिपूजन

# जिले को मिलेगी पर्यटन विकास की नई सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 की उप-योजना सीबीडीडी के अंतर्गत स्वीकृत मयाली-बगीचा विकास परियोजना का भूमिपूजन कार्यक्रम 5 फरवरी को ग्राम खंडसा (मयाली) में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विधिवत रूप से परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। मयाली-बगीचा विकास परियोजना के माध्यम से क्षेत्र की प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं जनजातीय विरासत को संरक्षित करते हुए समुदाय आधारित पर्यटन को सशक्त किया जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और जशपुर जिले को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में नई पहचान प्राप्त होगी। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री तथा प्रभारी मंत्री जिला जशपुर ओपी चौधरी एवं पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सांसद, रायगढ़ लोकसभा राधेश्याम राठिया की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। विशिष्ट अतिथियों के रूप में विधायक जशपुर रायमुनी भगत, विधायक पत्थलगांव एवं उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण गोमती साय, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल रामप्रताप सिंह, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड शंभुनाथ चक्रवर्ती, अध्यक्ष जिला पंचायत जशपुर सालिक साय, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी राज्य सहकारी वित्त एवं विकास निगम सुरेन्द्र कुमार बेसरा, सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग प्रियम्वदा सिंह जूदेव तथा उपाध्यक्ष जिला पंचायत जशपुर शौर्य प्रताप सिंह जूदेव शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष जनपद पंचायत कुनकुरी सुशीला साय, अध्यक्ष जनपद पंचायत बगीचा गायत्री नागेश तथा सरपंच ग्राम पंचायत खंडसा उमेश्वर सिंह की उपस्थिति भी रहेगी।

### मुख्यमंत्री साय बगिया पहुंचे, आत्मीय स्वागत



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को ग्राम बगिया, विकासखंड कांसाबेल पहुंचे। हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

**AFFIDAVIT**

i indu bhoi w/o laxmi kant sidar aged about 26 years, by faith hindu, residing at house no. 92 kumhar para, village ghathula bade, post amjhar, tehsil sarangarh, dist. sarangarh-bilaigarh, chhattisgarh, india 496551, do hereby solemnly affirm and declare as under: 1. that the deponent is permanent resident of the above-mentioned address. 2. that previously the name the deponent was indu bhoi and the deponent has changed her name as indumati sidar. 3. that the deponent, who is now known as indumati sidar, is the same person known as indu bhoi before the change of name. 4. that the name of the deponent indumati sidar will be used by the deponent for all purpose in future in the government, semi-government, non-government and any other sectors.

**Verification**

i indu bhoi w/o laxmi kant sidar, do hereby declare and verify that the contents of this affidavit are true to the best of my knowledge and no part of the affidavit is false and nothing has been concealed or misstated therein.
verified this 01 day of february 26
**Deponent indu bhoi**

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
// ईश्तहार //
सक्सेशन (उत्तराधिकार) प्र.क्रं. 03/2025
पेशी तारीख 27.02.2026
प्रोसेस नम्बर 37/2026
सुनील संतोष ............आवेदकगण
बनाम
आम जनता वगैरह .........अनावेदकगण
बनाम – आम जनता (जिससे संबंध हो)

इस नोटिस के जरिये आम जनता (जिससे संबंध हो) को सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत से (जिसका प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी प्राप्त हो) सुनवाई दिनांक 27.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर जवाब सह दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस न्यायालय द्वारा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपकी अनुपस्थिति में की जावेगी। यदि उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

इस न्यायालय का मुद्रा एवं हस्ताक्षर द्वारा दिनांक 29.01.2026 को जारी किया गया।
दामोदर प्रसाद चंद्रा
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार पुसौर, जिला-रायगढ़ छ.ग.**
**ईश्तहार / पेपर प्रकाशन**
रा.प्र.क्र. 202511041000058/अ-21/2025-26
ग्राम टेंगापाली प.ह.न. 30 तह. पुसौर जिला रायगढ़ छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता ग्राम टेंगापाली को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के प्रकरण में आवेदक श्रीमती कुंतला खड़िया पति स्व. श्री समारू उर्फ कंडारू जाति खड़िया (अनुसूचित जनजाति) निवासी ग्राम टेंगापाली तहसील पुसौर जिला रायगढ़ छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि ग्राम टेंगापाली प.ह.नं. 30 तहसील पुसौर मे उसके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 109/1/ढ रकबा 0.020 हे. एवं ख.न. 214/2 रकबा 0.700 हे. भूमि को क्रेता राजीव रत्न पंडा आ0 आनंद पंडा को विक्रय करने की अनुमति करने की अनुमति हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय, रायगढ़ छ.ग. के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी रा. रायगढ़ छ.ग. के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

जिसकी सुनवाई दिनांक 11.02.2026 को नियत किया गया है। जिस संबंध में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई उजर आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 11.02.2026 तक पेश कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त उजर आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के सील मुहर अंकित कर जारी किया गया।
**तहसीलदार पुसौर**





## खबर संक्षेप

### विधानसभा सत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम विधानसभा का अष्टम सत्र सोमवार 23 फरवरी से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 मार्च तक आहूत किया गया है। विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों, स्थगन प्रस्ताव, आश्वासन, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार एवं जानकारी निर्धारित समय.सीमा में शासन एवं वरिष्ठ कार्यालय को उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल को इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी द्वारा विधानसभा सत्र अवधि में संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक सूचनाएं संकलित कर समयबद्ध रूप से प्रेषित की जाएगी।

### प्रीमियम विदेश मदिरा टेंडर की बढ़ी तारीख

**रायगढ़।** प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानए कबीर चौक रायगढ़ हेतु आमंत्रित निविदा खोलने की तिथि पूर्व में 06 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे निर्धारित की गई थी। अपरिहार्य कारणों के चलते अब उक्त निविदा खोलने की तिथि परिवर्तित कर 10 फरवरी कर दी गई है। निविदा पूर्व निर्धारित समयानुसार अपरान्ह 4 बजे ही खोली जाएगी।

### 23 को अवैध शराब परिवहन की सुनवाई

**रायगढ़।** कलेक्टर न्यायालय रायगढ़ द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में जब्त वाहनों के संबंध में सूचना पत्र जारी किए गए हैं। जारी सूचना के अनुसार अवैध शराब परिवहन से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में वाहन स्वामियों को न्यायालय में 23 फरवरी को उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक आयुक्त आबकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर थाना तमनार एवं थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब का परिवहन करते हुए वाहनों को जब्त किया गया था। जांच के दौरान संबंधित वाहनों से बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा का परिवहन पाया गयाए जिस पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34,2 एवं 59;कद्ध के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सूचना पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित वाहन स्वामी यदि जब्त किए गए वाहनों के संबंध में कोई दावा अथवा पक्ष प्रस्तुत करना चाहते हैं तो वे निर्धारित तिथि 23 फरवरी 2026 को अपराह्न 3 बजे कलेक्टर न्यायालय रायगढ़ में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते हैं। कलेक्टर न्यायालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित तिथि पर उपस्थित न होने की स्थिति में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही कर आदेश पारित किया जाएगा।

## 5 साल पहले निर्मित उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला के लिए अब तक स्वीकृत नहीं हो सका सेटअप

# एक करोड़ की बिल्डिंग, एक अधिकारी बिना कर्मचारी के खाली बैठ कर रहे टाइम पास





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकार पॉलिसी कुछ ऐसी बनाती है जिससे सरकार को ही नुकसान उठाना पड़ता है। इसका ताजा उदाहरण रायगढ़ कृषि विभाग द्वारा 1 करोड़ की लागत से निर्मित उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला है। यहां दो साल से एक अधिकारी की पोस्टिंग तो की जा रही है, लेकिन अब तक सेटअप स्वीकृत नहीं हो सका। याने बिना कर्मचारी अधिकारी की पोस्टिंग कर दी गई है। ऐसे में एक करोड़ की बिल्डिंग में एक अधिकारी बिना कर्मचारी खाली बैठ कर रहे टाइम पास कर रहे हैं। खास बात यह है कि यहां खाद जांच के लिए मशीनें पहुंच गई हैं, लेकिन लगाने वाला भी कोई नहीं है। जैसे आया है वैसे ही कार्यालय में पड़ा है। ज्यादा समय ऐसे ही पड़ा रहा तो मशीन में जंग लग जाएगी और लाखों का नुकसान होगा। हालांकि इससे सरकार को कुछ फर्क पड़ने वाला नहीं है। प्रदेश में ऐसे सैकड़ों बिल्डिंग और मशीनें सड़ रहे होंगे। दिलचस्प बात तो यह है कि बिना काम अब तक दो अधिकारियों की पोस्टिंग की जा चुकी है। पहले उप संचालक कृषि राकेश कुमार शर्मा की पोस्टिंग उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला रायगढ़ में की गई थी। डेढ़ साल के आसपास खाली बैठाने के बाद उनका तबादला बीते 19 दिसंबर को बतौर उप संचालक जांजगीर चांपा किया गया है। उनके स्थान पर जांजगीर चांपा में पदस्थ उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत को भेजा गया है। इसके पहले भी श्री भगत यहां कृषि विभाग में बतौर उप संचालक पदस्थ थे। अब उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला में उनकी पोस्टिंग कर दी गई है। उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला के लिए अब तक कर्मचारियों का सेटअप ही स्वीकृत नहीं की गई है। ऐसे में यहां केवल अधिकारी आ रहे हैं और टाइम पास कर रहे हैं। खाली बैठने का तनख्वाह भी सरकार उनको दे रही है।

**खास बातें**

- बीते दो साल से केवल अधिकारी की हो रही पोस्टिंग, कर्मचारी बगैर नहीं हो रहा कुछ काम

**2 जनवरी 2021 को हुआ लोकार्पण**

उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला का निर्माण कांग्रेस शासन काल में हुआ था। हालांकि बिल्डिंग की स्वीकृति डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में हुई थी। निर्माण आरईएस ने किया है और काफी सारी खामियां भी है। जो भी हो निर्माण पूरा होने के बाद 02 जनवरी 2021 को पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने किया था। उस समय के कृषि मंत्री रविंद्र चौबे भी लोकार्पण मौके पर मौजूर रहे। तब से अब बूत की भांति यह बिल्डिंग खड़ी है, बिना उपयोग।

**अधिकारी के खिलाफ एफआईआर**

जानकारी के अनुसार उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला में पदस्थ अधिकारी के खिलाफ एफआईआर हुई है। अधिकारी के खिलाफ विभाग के ही एक महिला कर्मचारी शिकायत की थी। लज्जा भंग करने की नियत से मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। चांपा पुलिस ने अधिकारी पर बीएनएस की धारा 79 के तहत अपराध दर्ज किया है। महिला ने वहां के कलेक्टर और एसपी से शिकायत की थी।

### सट्टा लिखते महिला आरोपी गिरफ्तार, 37 हजार व मोबाइल जब्त

**रायगढ़।** जिले में सट्टा-पट्टी लिखने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान जारी है। जारी अभियान के बीच बड़े सटोरी अब भूमिगत होने लगे हैं । इसी क्रम में 3 फरवरी को थाना जूटमिल प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब एवं सट्टा के विरुद्ध बड़ी रेड कार्रवाई की गई। पुलिस ने ग्राम अमलीभौना इंदिरा आवास में दबिश देकर सट्टा पट्टी लिख रही महिला रूपा लहरे पति राजू लहरे उम्र 38 वर्ष निवासी अमलीभौना इंदिरा आवास थाना जूटमिल जिला रायगढ़ को रंगे हाथ पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी महिला ने 5 प्रतिशत कमीशन पर कागज पर सट्टा पट्टी लिखने तथा मोबाइल के माध्यम से व्हाट्सएप पर ऑनलाइन रुपए पैसों का दांव लगवाना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी लिखा हुआ कागज, रियलमी कंपनी का टच स्क्रीन मोबाइल, सट्टा में प्रयुक्त नगद रकम 37500 रुपये तथा एक चालू डॉट पेन जप्त किया गया है। आरोपी महिला के विरुद्ध थाना जूटमिल में धारा 06,ए 7 छत्तीसगढ़ जुआ निषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गयाए जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## भेंगारी में पकड़ी गई 8 लाख की खैर लकड़ी, यूपी के युवक कर रहे थे तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



घरघोड़ा के भेंगारी में लकड़ी तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां एक ट्रेक्टर करीब 10 टन लोड़ खैर लकड़ी पकड़ में आया है। इस लकड़ी को यूपी के कुछ युवक तस्करी कर रहे थे। इसी दौरान एसडीएम, तहसीलदार और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। लकड़ी को जब्त कर लिया गया है। हालांकि कांटा बंद होने की वजह से इसका सही वजन नहीं हो सका है। चार युवको को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी के नेतृत्व में राजस्व और वन अमले ने इस तस्करी को रोका है। भेंगारी स्थित राजस्व वन भूमि में एक ट्रैक्टर खैर लकड़ी जब्त किया गया है। मौके से चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है उनमें कमल प्रकाश, प्रेम, संतोष और राजेश निवासी सभी मैसोर जिला बरेली शामिल है। इस कार्रवाई में घरघोड़ा एसडीएम डीपी अधिकारी, तहसीलदार मनोज गुप्ता, नायब तहसीलदार सहोदर राम, एसडीएओ फॉरेस्ट आशुतोष मंडावा और वन परिक्षेत्र अधिकारी

**कोतवाली पुलिस ने शिवा नगर के मकान पर की रेड**

## शहर में बढ़ रहा देह व्यापार, दो दिन में दो खुलासे, सात महिला-पुरुष गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में देह व्यापार का गोरख धंधा बढ़ता जा रहा है। इसकी बानगी बीते दो दिनों में दो कार्रवाई से देखी जा सकती है। 2 फरवरी को शहर के पॉस कॉलोनी केलो विहार में जहां देह व्यापार का मामला सामने आया था, वहीं बीती रात केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड स्थित शिवा नगर में पति पत्नी को देह व्यापार के मामले में गिरफ्तार किया है। यहां पति पत्नी बाहर से लड़की लाकर इस व्यापार को अंजाम दे रहे थे।

कोतवाली पुलिस द्वारा शिवा नगर क्षेत्र में देह व्यापार की सूचना पर बड़ी कार्यवाही की गई। पुलिस अपने सटिक सूचनातंत्र के जरिए कल रात 3 फरवरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एसबीआई मेन ब्रांच के सामने रोड किनारे अनिल कुमार नंदे के मकान



में राहूल कुमार यादव एवं एक महिला द्वारा बाहर से महिलाओं को बुलाकर देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना से एसएसपी शशि मोहन को



अवगत कराते हुए उनके मार्गदर्शन पर सीएसपी मयंक मिश्रा ने तत्काल रेड की योजना बनाई गई। पीटा एक्ट की कार्रवाई के अनुरूप सीएसपी ने एक पाइंटर को ग्राहक बनाकर रुपये देकर मकान भेजा गया। पाइंटर से संकेत मिलते ही पुलिस टीम ने मकान की घेराबंदी कर एकाएक दबिश दी। मौके पर मकान के भीतर आरोपी राहूल कुमार यादव उसकी महिला सहयोगी तथा अनैतिक कार्य हेतु लाई गई दो महिलाएं मिलीं। तलाशी के दौरान देह व्यापार में प्रयुक्त आपत्तिजनक सामग्रीए दो मोबाइल फोन रेडमी एवं विवोद्ध तथा नकद 2000 रुपए बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह महिलाओं को बुलाकर देह व्यापार कर अवैध कमाई कर रहा था। थाना कोतवाली में आरोपी राहूल कुमार यादव एवं उसकी महिला सहयोगी के विरुद्ध धारा 3, 4, 5 अनैतिक देह व्यापार पीटा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

## स्कॉर्पियो में डीजल चोरी के प्रमाण पुलिस को देखकर हो रहे थे फरार

**रायगढ़।** गश्त के दौरान डीजल चोरी गैंग की धरपकड़ को लेकर गश्त पर तैनात पुलिसकर्मियों को हाईवे एवं अंदरूनी मार्गों पर विशेष निगाह रखने निर्देशित किया गया था। दोनों अधिकारी रात्रि गश्ती प्वाइंट चेक करते हुए क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी दौरान भोर में एनएच.49 पर खरसिया से रायगढ़ की ओर जा रही एक संदिग्ध सफेद रंग की स्कॉर्पियो वाहन नजर आई। पुलिस टीम को देखते ही वाहन चालक तेज गति से रायगढ़ की ओर भागने लगा। एडिशनल एसपी द्वारा तत्काल संदिग्ध वाहन की चेकिंग के लिए संबंधित थानों को सूचना दी गई। तेज रफ्तार में वाहन चालक नियंत्रण खो



बैठा और अमलीभौना हाईवे रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने स्कॉर्पियो पलट गई। सूचना पर जूटमिल पुलिस मौके पर पहुंची। स्कॉर्पियो वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर सीजी 04 बीटी 0664 पाया गया, जबकि वाहन के अंदर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। तलाशी के दौरान गाड़ी से करीब 2 मीटर लंबी प्लास्टिक पाइप, एक लोहे का सब्बल, एक अतिरिक्त नंबर प्लेट सीजी 12 बीटी 6416, 10 लीटर क्षमता की प्लास्टिक जरीकेन में भरा लगभग 10 लीटर डीजल तथा वाहन के आसपास बिना सिम के दो मोबाइल फोन एक कीपैड एवं एक टच स्क्रीन वीवोद्ध बरामद किए गए। संदिग्ध अवैध गतिविधि में उपयोग की आशंका पर जूटमिल पुलिस द्वारा धारा 106 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर सुरक्षित रखा गया है। वाहन मालिक एवं फरार चालक की पतासाजी की जा रही है।

## छेड़छाड़, दुष्कर्म मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, पॉक्सो का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दो अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई की गई है। बालिका से छेड़छाड़ तथा युवती से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

बालिका से इंस्टाग्राम फ्रेंड ने की छेड़खानी आरोपी अपहरण, छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में आरोपी गिरफ्तार जानकारी के अनुसार पीड़ित बालिका के पिता द्वारा 2 फरवरी को महिला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई कि बीते 4-5 माह से किसी अज्ञात युवक द्वारा उनकी बेटी से बात कराने एवं फोटो मांगने के लिए लगातार उनके घर के मोबाइल पर कॉल किए जा रहा था। 02 फरवरी को दोपहर बालिका उसके पिता के पास टिफिन देने जाने की बात कहकर घर से निकली, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। तलाश के दौरान रात करीब 9 बजे सूचना मिली कि लड़की जेलपारा कॉम्प्लेक्स जूटमिल के पास है। मौके पर पहुंचे परिजन ने एक युवक को भागते देखा, जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि आरोपी कार्तिक तिवारी निवासी इंदौर मप्र से 7-8 माह पूर्व इंस्टाग्राम के माध्यम से पहचान हुई थी। आरोपी उसके मामा के साथ काशीराम चौंक जूटमिल में रहता है, उसने बालिका को घर शादी का झांसा देकर स्कूटी से उसे अपने किराए के मकान ले जाने का प्रयास कर रहा था तथा जेल परिसर कॉम्प्लेक्स में उसके साथ गंदी नीयत से छेड़छाड़ की। मामले में धारा 137,2,ए 75 भारतीय न्याय संहिता एवं 8 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी कार्तिक तिवारी पिता हरिशंकर तिवारी उम्र 23 साल निवासी खरगौन मध्य प्रदेश हाल मुकाम कांशीराम चौक किराया मकान थाना जूटमिल को हिरासत में लिया गया। आरोपी को कल रिमांड में पेश कर जेल भेजा गया है।



वहीं दूसरे मामले में 03 फरवरी को युवती ने महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बादल सिंह राजपूत निवासी कोतरारोड़ बैकुंठपुर द्वारा अक्टूबर 2022 से जनवरी 2026 तक अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए गए तथा अश्लील वीडियो भी बनाया गया।

**आज और कल होगी खरीदी, सभी नोडल दोबारा बैठेंगे खरीदी केंद्रों में**

# खुला पोर्टल, दायरा ऐसा कि केवल डेढ़-दो सौ किसान ही बेच पाएंगे धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दो दिन धान खरीदी का समय तो बढ़ाया गया है, लेकिन जो दायरा तय किया गया है उसमें केवल केवल डेढ़-दो सौ किसान ही धान बिक्री कर पाएंगे। याने इसका लाभ उन्हीं को मिलेगा जो शासन द्वारा तय किए गए दायरे में आ एं गे । जबकि जिले में 11 हजार से अधिक किसान धान बिक्री के लिए बाकी हैं। दूसरी ओर खरीदी हो चाहे न तो नोडल अधिकारियों को खरीदी केंद्रों में जाकर बैठना ही है। आज और कल दो दिन धान खरीदी होगी। हालांकि अधिकांश समितियां केवल फार्मेल्टी के लिए ही खुलेंगी, खरीदी एक दाना नहीं होगी। धान खरीदी दो दिन 5 और 6 फरवरी तक जरुर बढ़ाया गया है, लेकिन इससे धान बिक्री के लिए बाकी करीब 95 फीसदी किसानों को कोई फायदा नहीं होगा। केवल 5 प्रतिशत किसान ऐसे हैं जिनको लाभ मिल सकता है। कारण इसके लिए तीन तरह के किसानों का एक दायरा तय कर दिया है। इसमें ऐसे किसान जिनके पास 10 जनवरी के बाद टोकन के लिए आवेदन किया गया हो, लेकिन सत्यापन नहीं हो सका है। ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 के बाद आवेदन किया गया और सत्यापन में धान पाया गया हो। इसके अलावा ऐसे किसान जिन्हें 28, 29 और 30 जनवरी को टोकन प्राप्त हुआ था, लेकिन किसी कारण से तय अवधि पर धान बिक्री नहीं कर सके थे। इन तीन केटेगरी के किसानों को ही बढ़े हुए अवधि का फायदा मिलेगा। जानकारी के अनुसार ऐसे किसानों की संख्या केवल डेढ़-दो सौ ही होने की बात कही जा रही है, जिनको इसका फायदा मिलेगा। हालांकि जो जानकारी देर रात तक मिली है उसके अनुसार 66 समितियों में खरीदी हो सकती है। रात 9 बजे तक टोकन काटा गया है।

- अधिकांश समितियां केवल फार्मेल्टी के लिए ही खुलेंगी



**477669 एमटी धान खरीदी**

जिले में इस साल 30 जनवरी तक 72 हजार 634 किसानों से 477669 एमटी धान खरीदी की गई है। जबकि जिले में 83641 किसानों का पंजीयन है। याने 11 हजार से अधिक किसान अभी भी धान बिक्री के लिए बाकी हैं। हालांकि धान खरीदी का समय दो दिन बढ़ाया गया है, लेकिन उसके लिए दायरा भी तय कर दिया गया है। इसके कारण अधिकांश किसान जो धान बिक्री के लिए बाकी है, उनको मौका मिलने की उम्मीद नहीं है।

**फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| जिले में धान खरीदी | - 477669 एमटी |
| जिले में धान बिक्री करने वाले किसान | -72634 |
| जिले में पंजीकृत किसान | -83641 |

### रामलला का दर्शन करने 112 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**रायगढ़।** श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत 112 श्रद्धालुओं का 15वां जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। वर्षों से मन में संजोया गया श्री रामलला के दर्शन का सपना श्रद्धालुओं के लिए साकार हो रहा है। यात्रा के समय श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह, भक्ति और भावनात्मक उल्लास देखने को मिला। जय श्रीराम के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन की सबसे बड़ी आध्यात्मिक उपलब्धि है। एक तीर्थयात्री ने भावुक स्वर में कहा कि बचपन से रामायण में रामजन्मभूमि की कथाएँ सुनते आए हैंए आज पहली बार उसी पावन भूमि पर कदम रखने का सौभाग्य मिलने जा रहा है। यह पल



शब्दों से परे है.आँखें नम हैं और मन आनंद से भरा हुआ है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, भोजन, आवास एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। श्रद्धालुओं को रायगढ़ से बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया, जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। यात्रियों के मार्गदर्शन और सहयोग हेतु अधिकारियों की टीम भी जत्थे के साथ भेजी गई है।

## खबर संक्षेप



### कोडातराई सरपंच बने सरपंच संघ अध्यक्ष

**पुसौर।** पुसौर जनपद के 89 पंचायतों के सरपंच द्वारा कुछ माह पहले एकताल सरपंच हिमांशु चौहान को सरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया था। कुछ दिन बाद उन्हें जिले के सभी जनपदों के सरपंचों ने अपना अध्यक्ष चुना इस आशय से पुसौर जनपद के सरपंच संघ के अध्यक्ष पद से इन्हें त्याग पत्र देना पड़ा और यहां इसके लिए चुना हुआ जिसमें मिड़मिड़ा सरपंच पूर्णचंद्र गुप्ता और कोड़ातराई सरपंच मृत्युंजय सिंह ठाकुर दो प्रत्याशी रहे। इसमें पूर्णचंद्र गुप्ता को 18 वो मिले तथा मृत्युंजय सिंह को 48 वोट मिला। कुछ वोट रिजेक्ट हुए वहीं कुछ सरपंच अनुपस्थित रहे। चुनाव हुए नतीजे के आधार मृत्युजय सिंह 30 वोट से अपने प्रतिद्वंदी को परास्त कर सरपंच अध्यक्ष बने। चुनाव संपन्न होने के बाद जिला सरपंच संघ अध्यक्ष हिमांषु चौहान और सीईओ विवेक गोस्वामी ने पुष्प गुच्छ भेंट किया।

### राउरकेला पुस्तक महोत्सव का आयोजन

**राउरकेला।** पुस्तक महोत्सव 2026 का भव्य उद्घाटन मंगलवार की शाम सेक्टर 5 स्थित भंज भवन में किया गया। यह दस दिवसीय पुस्तक महोत्सव 12 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। इस महोत्सव का आयोजन भंजा कल्चरल ट्रस्ट द्वारा सेलए राउरकेला स्टील प्लांट के सहयोग से किया जा रहा है। यह विशाल साहित्यिक आयोजन सभी आयु वर्ग के लोगों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने तथा साहित्य, संस्कृति और रचनात्मक अभिव्यक्ति का उत्सव मनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस महोत्सव में कुल 114 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें देशभर के प्रमुख प्रकाशक और पुस्तक विक्रेता भाग ले रहे हैं। भुवनेश्वर और कटक के प्रतिष्ठित प्रकाशन गृहों के अलावा दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, रायपुर, पुणे और अन्य बड़े शहरों से भी प्रसिद्ध प्रकाशक यहां पहुंचे हैं, जो पुस्तकों का एक समृद्ध और विविध संग्रह प्रस्तुत कर रहे हैं। सेल, राउरकेला स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी आलोक वर्मा आज शाम औपचारिक रूप से महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। वहीं, प्रख्यात लेखक, रंगमंच निर्देशक और नाटककार ललतेन्दु रथ को महोत्सव की समापन संध्या में राउरकेला पुस्तक महोत्सव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। पुस्तक महोत्सव सप्ताह के दिनों में दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक तथा रविवार को दोपहर 1 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा।

### लापता नाबालिग लड़की सकुशल बरामद

**राजगांगपुर।** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई और प्रभावी टीमवर्क का परिचय देते हुए लापता नाबालिग लड़की को रिपोर्ट दर्ज होने के मात्र 18 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। समयबद्ध हस्तक्षेप और सतर्कता के चलते बच्ची को सुरक्षित बचाया जा सका। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सूचना मिलते ही विशेष टीम गठित कर संभावित स्थानों पर सघन खोज अभियान चलाया गया। निरंतर प्रयासों और आपसी समन्वय के परिणामस्वरूप नाबालिग को सुरक्षित ढूंढ लिया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### आपरेशन अन्वेषण के तहत पुलिस को सफलता

**सुंदरगढ़।** गुमशुदा महिलाओं और बच्चों की तलाश के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन अन्वेषण के तहत सुंदरगढ़ पुलिस ने अभियान को और तेज करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। 21 जनवरी से 31 जनवरी तक चले इस विशेष अभियान में जिले भर में गठित समर्पित टीमों ने सक्रिय रूप से कार्य करते हुए लापता व्यक्तियों का पता लगाया और उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया। पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में कुल 117 महिलाओं और 18 बच्चों को सुरक्षित रूप से बरामद किया गया। सभी को आवश्यक काउंसलिंग और प्रक्रिया के बाद उनके परिवारों के साथ पुनर्मिलन कराया गया।

---

1 फरवरी से शुरु हुआ प्रदेश भर में यह नवाचार, प्रोत्साहित करने लागू की गई

# सम्मान पाना है तो करना होगा उत्कृष्ट काम हर महीने की एक तारीख को होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि हर महीने कलेक्टर के हाथों सम्मानित होना है तो पूरे महीने भर उत्कृष्ट काम करने होंगे। सरकार की ओर से अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए यह नवाचार किया जा रहा है। शासन द्वारा शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, गति एवं गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से इस विशेष नवाचार की शुरुआत 01 फरवरी से की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत शासन द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों को सम्मानित कर उनकी सेवाओं को सार्वजनिक रूप से पहचान दी जा रही है।

इस महीने के लिए कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लगभग एक दर्जन कर्मचारियों को उनके उल्लेखनीय कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने कहा कि शासन की किसी भी योजना की सफलता की वास्तविक नींव विभागीय कर्मचारी होते हैं। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अथक परिश्रम के कारण ही शासन की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँच पाता है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन का यह निरंतर प्रयास है कि कर्मचारियों के मनोबल को ऊँचा बनाए रखा जाए और उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए। इसी उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को समय समय पर सम्मानित करने की यह पहल शुरू की गई है।



उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करते कलेक्टर।

**हर महीने की पहली तारीख विभागों में होंगे सम्मान कार्यक्रम**

कलेक्टर ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को चिन्हित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह की 01 तारीख को संबंधित विभागों में ऐसे कर्मचारियों को सम्मानित किया जाए, जिससे कर्मचारियों में कार्य के प्रति सकारात्मक प्रतिस्पर्धा, नई ऊर्जा एवं समर्पण की भावना का विकास हो सके।



## खनिज वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। इसमें अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ सतत निगरानी एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि खनिज परिवहन कर रहे सभी वाहनों को अनिवार्य रूप से तिरपाल से ढंककर परिवहन करना होगा। इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पर्यावरण विभाग एवं परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से निगरानी करने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए खनिज परिवहन कर रहे वाहनों के पीछे पर्याप्त मात्रा में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जाने का भी निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने इस संबंध में पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भार क्षमता से अधिक खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी को ऐसे मामलों में लगातार एवं कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## अवैध कब्जा के बाद जमा किया जुर्माना, अब भू-अधिकार का दावा



**पुसौर।** राजस्व विभाग के कार्रवाई में आंशिक जुर्माना लिया जाता है और लंबे समय तक उसके कब्जे में होने से उसमें वह अपने स्वामित्व का दावा भी करता है। ऐसा स्थिति पुसौर के प्रायः बेशकीमती और अन्य शासकीय भूखंडों में हो रहा है। जिसमें लोग काबिज हैं और वर्तमान में शासन के पास जनहित में किसी निर्माण कार्य के लिए कोई भूखंड नहीं मिल रहा है।

पुसौर में कुछ जमीन तो ऐसे हैं जहां आजादी के बाद से शासकीय कार्यालय बने हुए हैं वह भूमि आज की स्थिति में निजी माना जा रहा है। जो शासकीय हैं उसमें लंबे समय तक अवैध कब्जा होने से संबंधित भूमि निजी हो चुका है। पुसौर जनपद कार्यालय के बगल में भाठिया कालोनी के सामने एक भूखंड इसी तरह का है जिसमें कुछ साल पहले शासन द्वारा आवासहीनों को पं. दीनदयाल आवास योजना के तहत भूखंड आबंटित किया था जबकि वह जमीन किसी के द्वारा कब्जा है। लगभग 7-8 साल पहले इसी भूखंड का लगभग 3 डिसमिल जमीन किसी ने खरीदा, उसमें मकान बनाया और उसे बेच दिया जहां होटल चल रहा है अब उसी से लगकर पुनः शायद इसी तरह का सौदा बताया जा रहा है जिसमें मिट्टी डाला जा रहा है। जहां फिर से मकान बनने के संकेत मिल रहे हैं। ज्ञात हो कि शासन द्वारा आवास के तहत जितने भूखंड वितरित किए गए और उसमें आवास के लिए अनुदान राशि दिए गए उसमें से कुछ ही उसके वास्तविक हितग्राही बाकि सब बेचकर पूंजी बना चुके हैं।

### तमनार में अघरिया समाज के वार्षिक सम्मेलन के लिए तैयारी बैठक

**तमनार।** अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र तमनार का आवश्यक बैठक 2 फरवरी को सामाजिक भवन तमनार में क्षेत्रीय व परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों उपस्थिति में 53 वां वार्षिक सम्मेलन बाल सभा लालपुर मिलुपारा में 21 व 22 फरवरी को आयोजन के लिए विचार विमर्श किया गया। सर्वप्रथम ईष्टदेव श्री कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना कर क्षेत्रीय अध्यक्ष यादलाल नायक ने पदाधिकारियों को बधाई देते कहा कि सभी पदाधिकारी सामाजिक बन्धुओ वार्षिक सम्मेलन भव्य बनाने विभिन्न व्यस्थाओ में जुट जाएं। बच्चे युवा महिलाएं एवं वरिष्ठगणो सम्मेलन में शत प्रतिशत शामिल होकर सफल बनाएं। अतिथियों को आमंत्रण, स्वागत सम्मान, मंच, उद्बोधन, भोजन व्यवस्था पर चर्चा परिचर्चा किया गया। 53 वां वार्षिक सम्मेलन केंद्रीय समिति याद लाल नायक क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि केन्द्रीप व क्षेत्रीय समिति के पदाधिकारियों सामाजिक गणो के उपस्थिति में संपन्न होगा। बैठक में यादलाल नायक, दिनेश चौधरी, बिहारी लाल पटेल, धनीराम चौधरी, हेमलाल पटेल, ईश्वर नायक, दुलेन्द्र पटेल, तेज राम नायक, गिरधर चौधरी, मोती लाल चौधरी,अशोक पटेल,रमेश पटेल, कन्हैया लाल पटेल, पुनिराम पटेल, रुद्र राम नायक समेत अन्य मौजूद रहे।

## खरसिया में मनरेगा बचाओ के तहत कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**खरसिया।** छत्तीसगढ़ में मनरेगा से जुड़े मुद्दों को लेकर मंगलवार को रायगढ़ चौक पर कांग्रेस द्वारा मनरेगा बचाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम दोपहर करीब 1 बजे प्रारंभ हुआ, जिसका नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश तथा कार्यक्रम के प्रभारी संयोजक उमेश पटेल के मार्गदर्शन में किया।

आयोजन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए, जिससे रायगढ़ चौक क्षेत्र में उल्लेखनीय भीड़ देखी गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण धरना देते हुए सांकेतिक चक्काजाम कर अपनी मांगों को सार्वजनिक रूप से रखा। कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभय मोहंती, भोग सिंह राठिया, रामदयाल राठिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज गबेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा, वरिष्ट कांग्रेस नेत्री नैना गबेल, साधराम साहू,रामकिशन आदित्य, नीरज पटेल, जमील कुरैशी, तारेन डनसेना, वसंत डनसेना, राहुल महंत एवं राजेश्वर राठौर ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन गोपाल शर्मा द्वारा किया गया। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। एसडीओपी प्रभात पटेल एवं चौकी प्रभारी अमित तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और यातायात व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था की निगरानी करते रहे। पुलिस की मुस्तैदी के चलते वाहनों की आवाजाही प्रभावित नहीं हुई और स्थिति सामान्य बनी रही। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेसए एनएसयूआई, सेक्टर प्रभारी, पूर्व पार्षद सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई और कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।





## जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में सोनोग्राफी कक्ष का शुभारंभ

**कटेली।** जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे एवं संजय भूषण पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में नवीन सोनोग्राफी कक्ष का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में अजेश अग्रवाल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, अरविन्द हरिप्रिया वरिष्ठ प्रतिनिधि, अविनाश पूरी गोस्वामी पूर्व पार्षद व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सर्वेश्वरी उमा विद्यालय में हर्षोल्लास मनाया गया वार्षिक स्नेह सम्मेलन

**रायगढ़।** अघोरेश्वर भगवान राम शिक्षण समिति द्वारा संचालित माँ सर्वेश्वरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, जूटमिल में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं संस्कारों की सुंदर झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के उपाध्यक्ष मदन, प्रतिनिधि सदस्यगण तथा माँ सर्वेश्वरी शिक्षण समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष राजकिशोर सिंह द्वारा माता सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य एवं सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को आरंभ प्रदान किया। सम्मेलन के दौरान कक्षा 5वीं, 8वीं एवं 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों तथा राज्य स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में देशभक्ति नृत्य, लोकनृत्य एवं नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं रंगोली प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति नृत्य एवं आभार प्रदर्शन के साथ किया गया।



### विधानसभा सत्र में छोड़ नहीं सकते मुख्यालय

**रायगढ़।** विधानसभा सत्र की अवधि में वे सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न तो अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम विधानसभा का अष्ठम सत्र 23 फरवरी से प्रारंभ होकर शुक्रवार, 20 मार्च तक आहूत किया गया है। सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों, स्थगन प्रस्ताव, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण सूचनाओं, आश्वासनों, अशासकीय संकल्पों, लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार एवं सूचनाओं के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

**आवश्यकता**

श्री एकलव्य शैक्षणिक सामाजिक उत्थान समिति वार्ड क्र. 08, बेहरापारा लैलूंगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा संचालित एकलव्य इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुंजारा लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) के लिए शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के परिनियम-28 के तहत प्राचार्य पद की आवश्यकता है।

| क्र. | पद | संख्या | योग्यता एवं वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 1 | यूजीसी/विश्वविद्यालय/छ.ग. शासन के नियमानुसार |

पात्र/इच्छुक अभ्यार्थी बायोडाटा के साथ अपने समस्त दस्तावेजों की दो प्रति विज्ञापन दिनांक से सात दिवस के भीतर निम्नलिखित पते पर स्वयं उपस्थित होकर या पोस्ट या ई-मेल के माध्यम से भेजें।

अध्यक्ष- श्री एकलव्य शैक्षणिक सामाजिक समिति
वार्ड क्र. 08, बेहरापारा लैलूंगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) पिन-496113
मो. नं. 8358884441 ई-मेल-shrieklavyaeducation@gmail.com

## 14 को आएंगे सीएम, कलेक्टर ने मांगी लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यों की सूची

- बैठक में दिया तैयारी करने का निर्देश, लंबित प्रकरणों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण की नसीहत



**रायगढ़।** 14 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का रायगढ़ आगमन संभावित है। इसे देखते हुए कलेक्टर ने जिले के निर्माण एजेंसियों एवं विभागीय प्रमुखों को लोकार्पण एवं भूमिपूजन योग्य कार्यों की सूची तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम की तैयारियों में पूरी गंभीरता से जुटने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने यह निर्देश दिया है। बैठक के दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए अविवादित एवं विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, डायवर्सन तथा त्रुटि सुधार जैसे लंबित प्रकरणों की तहसीलवार विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संबंधित नियमों का गहन अध्ययन कर नियमानुसार त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में लैंडबैंक निर्माण के लिए तहसीलवार उपयुक्त शासकीय भूमि चिन्हांकन की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों की बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि इनका शत प्रतिशत लाभ जमीनी स्तर पर पात्र हितग्राहियों तक पहुँचे।

**निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश**

कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि जिले में चल रहे कार्यों में मानक गुणवत्ता का शत प्रतिशत पालन किया जाए तथा कार्यों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिले में नवीन पर्यटन स्थलों के चिन्हांकन एवं विकास, सामुदायिक सहभागिता से जल संरक्षण एवं जलस्रोतों के रिचार्ज तथा नल जल योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं संधारण की भी समीक्षा की गई।

## कलेक्टर ने अयोध्या तीर्थ के यात्रियों को किया रवाना

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बुधवार को सुबह 7 बजे रामलला अयोध्या धाम दर्शन तीर्थ यात्रा योजना के यात्रियों से भरे बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा के लिए जिले के तीनों विकासखंड बरमकेलाए सारंगढ़ और बिलाईगढ़ से यात्रियों का चयन किया गया है। यह जत्था बस से रायगढ़ रेलवे स्टेशन, फिर ट्रेन से अयोध्या तक का निशुल्क सफर करेंगे। वहां यात्रियों को सवारी गाड़ी से धाम तक ले जाकर श्रीराम का दर्शन कराएंगे। पूरी यात्रा का खर्च मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की छत्तीसगढ़ सरकार वहन कर रही है।







